प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. आईएमए की अपील पर राज्य के सभी अस्पतालों में आज सुबह छह बजे से ओपीडी और अन्य सेवाएं बंद, आपातकालीन सेवाएं रहेंगी जारी।

2. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देश, डॉक्टरों के साथ हिंसा मामले में छह घंटे के भीतर संस्थान प्रमुख कराएं एफआईआर।

3. विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने राजेश ठाकुर को हटाकर केशव महतो कमलेश को बनाया प्रदेश अध्यक्ष, रामेश्वर उरांव बने विधायक दल के नेता।
4. हाईकोर्ट ने जनसेवकों के ग्रड–पे घटाने के राज्य सरकार के आदेश को किया निरस्त।

****

कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज राज्यभर के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। आज सुबह छह बजे से कल सुबह छह बजे तक हड़ताल जारी रहेगा। आईएमए के प्रदे□ा सचिव डॉक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि सरकारी, निजी अस्पताल समेत सभी कलीनिकों के करीब 16 हजार डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी इसमें भाामिल हैं।

****

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन–आईएमए ने आज से 24 घण्टे की देशव्यापी हडताल का आह्वान किया है। इस बीच, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि डॉक्टरों के साथ हिंसा मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

****

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट को लेकर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवा बाधित कर दी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के किसी भी वार्ड में मरीज का इलाज नहीं हुआ। दरअसल इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी. इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी. इस घटना के बाद डॉक्टरों ने इमरजेंसी वार्ड के समक्ष धरना दे दिया. जिला प्रशासन की ओर से एसडीओ, सदर सीओ, सदर थाना प्रभारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और हड्ताल समाप्त करवाया।

****

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने कल देश में तीन नई मेट्रो रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी। इन परियोजनाओं में 15 हजार छह सौ करोड रूपये की लागत से बेंगलूरू मेट्रो का तीसरा चरण, 12 हजार दो सौ करोड रूपये का ठाणे रिंग मेट्रो और तकरीबन तीन हजार करोड रूपये की लागत से पुणे मेट्रो रेल विस्तार परियोजना शामिल है। मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि बेंगलूरू मेट्रो परियोजना से शहर में यातायात सुव्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमण्डल ने बिहार के बिहटा तथा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे में नई इकाईयां बनाने को स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि एक हजार पांच सौ 49 करोड रूपये

की लागत से बागडोगरा हवाई अड्डे पर नई इकाई विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बिहटा में इसकी लागत एक हजार चार सौ तेरह करोड रूपये होगी।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा बदलाव किया है। राजेश ठाकुर को हटाकर केशव महतो कमलेश को अध्यक्ष और रामेश्वर उरांव को विधायक दल का नेता बनाया है। इस संबंध में पार्टी के जेनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल की ओर से पत्र जारी किया गया है। केशव महतो कमलेश सिल्ली के पूर्व विधायक रहे हैं। मौजूदा झारखंड की राजनीति को समझते हुए कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है।

****

रामगढ़ पुलिस ने नोट डबल करने और ब्लैक मनी को वाइट करने का झांसा देने वाले महाराष्ट्र के शातिर अपराधी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में एक महाराष्ट्र, एक उत्तर प्रदेश और तीन झारखंड के अपराधी शामिल हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने जनसेवकों के ग्रेड पे घटाने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया। बता दें कि जनसेवकों की नियुक्ति के वक्त उनका ग्रेड पे चौबीस सौ रुपये था जिसे वर्ष दो हजार तेइस में घटाकर दो हजार कर दिया गया था।

****

साहिबगंज स्थित सिद्धो कान्हू की जन्मस्थली सहित अन्य पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव पर्यटन विभाग को भेजा गया है।

****

- देवघर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आर. मित्रा स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस परिसर में आज से दो दिवसीय कार्यक्रम सह चित्र–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।
- जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत जेमको गुरुद्वारा के समीप एक युवक पर अपराधियों ने कल देर रात ताबड़ तोड़ फायरिंग की और फरार हो गए। इस घटना में एक युवक घायल हुआ है।
- टाटा नगर से जयनगर ट्रेन कल पहली बार टाटानगर स्टेशन से प्रस्थान की। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सहित कई गण मान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन विदा किया।
- सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत खरकई नदी बराज से भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजना का उद्‌घाटन मंत्री चंपई सोरेन ने किया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होनेवाले लगभग सभी अखबारों ने आज डॉक्टरों के हड़ताल की खबर और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बदलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है सिल्ली के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश बने कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष।

प्रभात खबर और दैनिक भास्कर ने जम्मू कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा चुनाव कराने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने राज्य के सभी अस्पतालों में ओपीडी सेवा बंद रखने की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री द्वारा रांची में किए झंडोतोलन कार्यक्रम को अपनी सुर्खी बनाई है।

इधर अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने जम्मू क□मीर और हरियाणा में होनेवाले विधानसभा चुनावों की घोशणा की खबर को प्रमुखता से प्रका□ित किया है।

****